member that we will make full and maximum use of local expertise, wherever possible.

श्री रामचन्द्र विकल : क्या मंत्री महोदय बतलायेंगे कि जो 7 फी सदी अधिक व्यय उन को करना पड़ा वह उनको खरीदने से पहले मालूम था या उसके बाद मालूम हुआ ? अगर बाद में मालूम हुआ तो इसके लिए कौन से लोग दोषी थे जिन्होंने पहले यह जानकारी नहीं दी ?

MR. SPEAKER : He has been at pains to reply to this very question.

**विश्व बैंक द्वारा पाकिस्तान को वित्तीय सहायता**

*1026. श्री ईश्वर चौधरी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व बैंक ने पाकिस्तान को तब तक वित्तीय सहायता न देने का निर्णय किया है जब तक कि पूर्वी बंगाल के साथ राज-नीतिक समझौता नहीं हो जाता;

(ख) क्या विश्व बैंक ने इस बारे में भारत के साथ भी कोई पत्र-व्यवहार किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YESHWANTRAO CHAVAN) : (a) Government are not aware of any such decision having been taken by the World Bank.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

श्री ईश्वर चौधरी : मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि ऐसे कौन कौन से देश हैं जिन से पाकिस्तान को वित्तीय सहायता मिल रही है । उसको रोकने के लिये सरकार ने कौन से कदम उठाये हैं । क्या वर्तमान समय में पाकिस्तान को मिल रही आर्थिक सहायता बंगला देश में नरसंहार के लिये प्रयुक्त नहीं होगी?

अध्यक्ष महोदय : आपने यह प्रश्न वर्ल्ड बैंक के सम्बन्ध में पूछा था ।

श्री ईश्वर चौधरी : वह कह रहे हैं वैसी कोई जानकारी उनको नही हैं, तब क्या वह दूसरी जानकारी देने की स्थिति में है ?

अध्यक्ष महोदय : आपने वर्ल्ड बैंक के बारे में पूछा था । उसका जवाब उन्होंने दे दिया । दूसरे देशों को आप छोड़ दीजिये ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वर्ल्ड बैंक में और देश भी है ।

MR. SPEAKER : It is a bank, not Deshs.

श्री ईश्वर चौधरी : विश्व बैंक भविष्य में पाकिस्तान को आर्थिक सहायता न दे इसके लिये सरकार ने कौन सी कार्यवाही की है, उसका पूर्ण विवरण क्या है ?

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN : The World Bank's Europan Office in Paris issued a press note on 21st June, 1971 which says that the Governments and institutions concerned with development assistance to Pakistan informally met in Paris on 21st June, 1971 under the Chairmanship of the World Bank Chairman. This meeting was called by the Bank to report the findings of the Banks and its missions which had recently visited Pakistan and subsequently held discussions with Pakistan government at Islamabad. At this meeting the Bank did not ask the representatives of the various countries to make any commitments. So, it was a meeting which took note of the assessment from the missions which visited East Pakistan. That was all that happened. Unless these questions are posed

before them, I cannot say any thing as to what the World Bank can do or should do.

श्री ईश्वर चौधरी : मै यह जानना चाहता था कि भविष्य मे विश्व बैंक पाकिस्तान को आर्थिक सहायता न दे उसके लिये आपने क्या लिखा पढी की है ?

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: General public opinion is being created. For that our people are visiting different countries. That certainly will influence the World Bank.

**Road Accidents in Delhi**

+

†1028. SHRI R. P. YADAV :
SHRI PRATAP SINGH NEGI :

Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether more than 80 per cent of the fatal road accidents which occur in Delhi are due to the careless and rash driving by the Drivers of the D.T.U. buses; and

(b) the steps being contemplated to prevent careless Drivers from rash driving ?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAJ BAHADUR): (a) No, Sir. According to the statistics compiled by the Traffic Police, Delhi, the percentage of fatal road accidents involving D.T.U. buses to the total number of such accidents during the last three calendar years was 16.8, 12.18 and 9.5.

(b) The Delhi Traffic Police has been imparting road safety education through the various available media and enforcing the traffic regulations strictly to curb road accidents. Speed checking drives are conducted, after drawing up a programme for the purpose, taking note of the number of accidents on various roads particularly the ones prone to accidents.

The Delhi Transport Undertaking has also taken the following steps to prevent its drivers from indulging in rash driving ;

(i) Lectures on good and safe driving are arranged.

(ii) Refresher course is imparted periodically.

(iii) Each road accident involving a D.T.U. vehicle is reviewed by a Departmental Accident Committee and the delinquent drivers are suitably punished.

(iv) An accident free reward scheme has been introduced which provides for a reward of Rs 100/- per annum.

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव : मैं जानना चाहता था कि ऐक्सीडेंट्स होते है उनमें से 80 प्रतिशत केयरलैस और रैश ड्राईविंग की वजह से होते है कि नही ? लेकिन जवाब दूसरी तरह का है। मंत्रीजी कृपया बतायें कि जो ऐक्सीडेंट हो रहे है उनका 80 प्रतिशत केयरलैस और रैश ड्राईविंग की वजह से होते है कि नही ?

श्री राज बहादुर आपका प्रश्न यह था कि जो दिल्ली मे एक्सीडेंट्स हो रहे है उसमे डी० टी० यू० से रैश ड्राईविंग की वजह से 80 परसेंट होते है या नही। उसके मैंने आकड़े दिये कि नही पिछले तीन सालों के आंकड़े इस प्रकार है : 16.8, 12.18 और 9.5 प्रतिशत।

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव : क्या सरकार को पता है कि बहुत सी दुर्घटनायें ड्राइवरो के नशे में होने की हालत की वजह से होती है ?

श्री राज बहादुर अनेको कारण होते हैं, उनमें से एक कारण यह भी हो सकता है। लेकिन उसके बारे से निश्चय नही किया जा सकता।

श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या मंत्री जी को पता है कि अधिकतर ऐक्सीडेंट जो होते हैं उनका मूल कारण यह है कि लोग रास्ता क्रौस करते हैं। तो इस के लिये क्या सड़कों पर, जहां दफ-